नाच रहे हनुमान राम गुण गा गा के

नाच रहे हनुमान राम गुण गा गा के,
हे मेरे मेहंदीपुर बलवान राम गुण गा गा के,
नाच रहे हनुमान...

धरती नाचे अम्बर नाचे,
चंदा नाचे सूरज नाचे,
चंदा सूरज तारे नाचे,
नाचे सुबह और शाम,
राम गुण गा गा के....

लाल लंगोटा तन पर साजे,
हाथ में सुंदर गधा विराजे,
मेरे सिन्धुरी भगवान राम गुण गा गा के,
नाच रहे हनुमान....

राम चंदर जी बली बली जाए,
मात जानकी लेत बलाए,
भईया लखन के साथ,
राम गुण गा गा के,
नाच रहे हनुमान....

पाँव में घुंगरू बाँध के नाचे,
राम जी का नाम इन्हें प्यारा लागे,
नाचे दे दे ताल, राम गुण गा गा के,
नाच रहे हनुमान....
राम नाम का झन्डा लेकर,
पोहंच जाये ये हर कीर्तन पर,
ये बिगड़े बनाये काम राम गुण गा गा कर,
नाच रहे हनुमान....

जय हो महावीर तेरी जय हो रघुवीर तेरी...

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/6732/title/nach-rahe-hanuman-ram-gun-ga-ga-ke

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |